# प्रसार भारती

## आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 11.12.2025/प्रादेशिक समाचार/1500बजे

**जन संकल्प सम्मेलन**

प्रदेश की कांग्रेस सरकार को तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के मौके पर आज मंडी के पड्डल मैदान में जन संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने तीन वर्ष के कार्यकाल में कई एतिहासिक निर्णय लिए हैं जिनका समाज के हर वर्ग को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही कैबिनेट की पहली बैठक में ओपीएस बहाली का एतिहासिक निर्णय लिया जिसका कर्मचारियों को फायदा मिल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा ओपीएस बहाली के बाद केन्द्र सरकार ने हिमाचल की 16 सौ करोड़ रूपए की ग्रांट बंद कर दी है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा प्राकृतिक आपदा जैसी चुनौती से निपटते हुए लोगों को राहत पहुंचाने के अलावा उन्हें सहायता राशि देकर पुनर्वास का कार्य भी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने अपनी अधिकांश चुनावी गारंटियों को पूरा कर दिया है और शेष को भी चरणबद्ध ढंग से पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल अपने संसाधनों से व्यवस्था परिवर्तन से आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है। रैली में कैबिनेट मंत्रियों के अलावा कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल सहित कई कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

**पैंशनर**

पैंशनर संयुक्त संघर्ष समिति ने प्रदेश सरकार द्वारा मण्डी में आयोजित जन संकल्प सम्मेलन को लेकर सवाल उठाए हैं। आज शिमला में एक पत्रकारवार्ता के दौरान समिति के अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने कहा कि सरकार वित्तीय संकट का हवाला देकर पैंशनरों की मांगों को अनदेखा कर रही है जबकि आपदा से सबसे अधिक प्रभावित मण्डी में जनसंकल्प सम्मेलन के तौर पर जश्न मनाया जा रहा है।

---

**अश्विनी वैष्णव**

केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश को उत्तरी रेलवे जोन में कवर किया गया है और इसके लिए वर्ष 2025–26 में 2 हजार 2 सौ 16 करोड़ रूपए का बजट आबंटित किया गया है। कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र से सांसद डॉक्टर राजीव भारद्वाज द्वारा संसद में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि इस धनराशि में से अभी तक 9 सौ 19 करोड़ रूपए खर्च किए जा चुके हैं। केन्द्रीय रेल मंत्री ने बताया कि अमृत भारत योजना के तहत देश भर में एक हजार 3 सौ 37 रेलवे स्टेशन विकसित किए जा रहे हैं जिनमें हिमाचल के पालमपुर, शिमला, बैजनाथ, पपरोला और अम्ब अम्बोटा स्टेशन शामिल हैं। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इनमें से पालमपुर, बैजनाथ, पपरोला और अम्ब

अम्बोटा रेलवे स्टेशनों को विकसित कर दिया गया है जबकि शिमला स्टेशन को मास्टर प्लानिंग के तहत कवर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कांगड़ा जिला के पंचरूखी रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म, शैल्टर, वेटिंग हॉल, पेयजल, शौचालय और यात्रियों के लिए बैठने की उचित सुविधाएं प्रदान की गई हैं जो तय मापदण्डों से अधिक हैं। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशन पर स्थानीय उत्पादों की बिक्री को वन स्टेशन–वन प्रोडक्ट योजना के तहत प्रोत्साहित किया जा रहा है।

---

**इंदु गोस्वामी**

केन्द्रीय महिला और बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश में कुल 18 लाख 18 हजार 9 सौ 25 आंगनवाड़ी केन्द्र कार्यरत हैं। राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी द्वारा संसद में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने ये जानकारी देते हुए बताया कि केन्द्र सरकार ने निर्णय लिया है कि देशभर में चल रहे सभी मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों को पूर्ण आंगनबाड़ी केन्द्रों में स्तरोन्नत किया जाएगा। केन्द्रीय राज्य मंत्री ने बताया कि पूर्ण आंगनबाड़ी केन्द्रों में एक वर्कर और एक हैल्पर को तैनात किया जाएगा ताकि वे अपने कार्य का निर्वहन प्रभावी ढंग से कर सके और पोषण टू प्वाईंट जीरो कार्यक्रम के तहत अपनी जिम्मेदारियों को निभा सके।

---

**कार्यशाला**

सोलन स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में लिपियों की खोज पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को हिमाचल के इतिहास के बारे में जानकारी दी गई। संस्कृत महाविद्यालय सोलन की प्रधानाचार्य मनीषा कोहली ने बताया कि इतिहास व संस्कृति विभाग द्वारा लिपियों की खोज पर आयोजित ये कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए फायदेमंद होगी। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय द्वारा लिपियों के संरक्षण व संवर्धन के लिए कार्य किया जा रहा है।

---